an>

Title : Need to check commercialisation of education and increasing of fees of schools.

श्री विजय कुमार दूबे (कुशीनगर) : महोदय, लास्ट वक्ता की जगह मेरे लिए रिजर्व होती है । आज के ऐतिहासिक दिन हमें भी अवसर मिला, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । आज के वर्तमान परिवेश में शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ता हुआ व्यवसायीकरण चिंता का विषय ही नहीं है, एक गम्भीर समस्या भी है । विशेषकर उन जिलों में, जहां खेती-किसानी के अलावा अगर कुछ है, तो केवल बेरोजगारी है । ऐसी जगहों पर आईसीएसई और सीबीएसई बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों की तरफ माननीय अध्यक्ष जी आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं । एक साधारण परिवार अपने बच्चों की शिक्षा इनसे सम्बद्ध विद्यालयों में नहीं दिला सकेगा । इनसे भी बुरा हाल, जो जिले के निजी महाविद्यालय हैं, वे एडमीशन, एग्जामिनेशन, गेम्स और मेडिकल के नाम पर इतना ज्यादा अनियंत्रित शुल्क लेते हैं कि साधारण परिवार अपने बच्चों को वहां पढ़ाने में असमर्थ हैं । बड़ा संकट का समय है ।

महोदय, मैं विशेष निवेदन कर रहा हूं कि आपके माध्यम से माननीय शिक्ष मंत्री जी इन अनियंत्रित शुल्क वाले विद्यालयों पर लगाम लगाते हुए नियंत्रित शुल्क लागू कराने की कृपा करेंगे । धन्यवाद ।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): अध्यक्ष जी, शून्यकाल में आपने नए सांसदों को बोलने का अवसर दिया । मैं चाहता हूं कि जब साइने डाई हो, तो उसमें आपका विशेष उल्लेख होना चाहिए । जो बहुत अच्छे सुझाव आए, जैसे बाल श्रमिक वाला विषय आया, रिवर पर विषय आया, ऐसे चार-पांच विषय राष्ट्रीय महत्व के आए । अगर उनका उल्लेख होगा, तो जीरो ऑवर की महत्ता भी बढ़ेगी । आज सबने प्रधान मंत्री जी का और अमित शाह जी को धन्यवाद दिया,

तो मैं भी इसमें सम्बद्ध करता हूं । मैं कहता हूं कि इसका उल्लेख आप साइने डाई में जरूर करें ।

माननीय अध्यक्ष : आज 74 माननीय सदस्यों ने शून्य काल में अपने अविलम्ब महत्व के विषय उठाए ।

श्री राम कृपाल यादव (पाटलीपुत्र): महोदय, करीब 900 से अधिक सदस्यों को बोलने का आपने अवसर दिया । इसके लिए हम आपका विशेष आभार व्यक्त करते हैं । आपने एक इतिहास, रिकार्ड बनाया है ।

SHRI MAHESH SAHOO (DHENKANAL): Mr. Speaker, Sir, you have created history. You have been giving opportunities for hon. Members to raise issues of public importance during `Zero Hour'. This has helped me to raise issues pertaining to my parliamentary constituency. Otherwise, people of my constituency might think that I am sitting idle. Sir, your allowing us to raise issues in `Zero Hour' make people of respective constituencies think that we are doing something in Parliament for the sake of the nation.

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही कल दिनांक 6 अगस्त, 2019 को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

22.20 hrs

The Lok Sabha then adjouned till Eleven of the Clock on

Tuesday, August 6, 2019/ Shravana 15, 1941 (Saka)

** Introduced with the recommendations of the President.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil..

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

* English translation of the speech originally delivered in Telugu.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

* Not recorded.

** English translation of the speech originally delivered in Kannada.

* Not recorded.

* Not recorded.

* English translation of the speech originally delivered in Bengali.

.... English translation of this part of the speech was originally delivered in Bengali.